आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 15.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम – फोर मिशन के तीन अन्य सदस्यों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से राज्य की 5 जल विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन का अनुरोध किया।
- ऑपरेशन कालनेमि के तहत हरिद्वार, देहरादून और पौड़ी में 868 लोगों का सत्यापन, 140 के खिलाफ कार्रवाई।
- हल्द्वानी नगर निगम चोरी छिपे खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा।

## एक्सियोम– 4 मिशन

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी यह वापसी 18 दिन बाद हो रही है। चारो अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स ड्रैगन से 22 घंटे की यात्रा कल शुरु की। अनुमान है कि ये अंतरिक्ष यात्री आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे कैलिफोर्निया तट पर उतरेंगे। अंतरिक्ष स्टेशन से विदाई पर शुभांशु शुक्ला ने अपनी यात्रा को अविश्वसनीय बताया।

यह आकाश गंगा मिशन, एक्सियोम स्पेस, नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो का संयुक्त प्रयास है। यह आगामी गगनयान मिशन और प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान महत्वाकांक्षाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रवास के दौरान, श्री शुक्ला ने विशेष रूप से भारत के लिए सात सूक्ष्म–गुरुत्व प्रयोग किए, जो अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

## जल विद्युत परियोजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से उत्तराखण्ड़ के सामाजिक और आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में विशेषज्ञ समिति द्वारा संस्तुति की गई राज्य की 21 जल विद्युत परियोजनाओं में 5 जल विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को सकारात्मक कार्यवाही के प्रति आश्वस्त किया।

उद्योग सचिव

ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में आगामी 19 जुलाई को उत्तराखण्ड निवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने को लेकर उद्योग सचिव, विनय शंकर पाण्डेय और कुमाऊं मण्डलायुक्त दीपक रावत ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तैयारियों का जायजा लेते हुए सभी व्यवस्थाएं 17 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिये। उद्योग सचिव ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग, गृहमंत्री और जनता के समक्ष जानकारी रखेगा कि एमओयू के सापेक्ष धरातल पर कितना निवेश हुआ है।
गौरतलब है कि रूद्रपुर में प्रस्तावित इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

केदारनाथ यात्रा

बरसात के दौरान केदारनाथ यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष दो मई को केदारनाथ मंदिर के कपाट खुले थे। अब तक 13 लाख 50 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि केदारनाथ यात्रा को सुचारू रखने के लिए भूस्खलन वाले संवेदनशील क्षेत्रों में टीमों की तैनाती की गई है।

ऑपरेशन कालनेमि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में ऑपरेशन कालनेमि के तहत धार्मिक वेशभूषा पहनकर लोगों को ठगने और धोखा देने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। खासतौर पर कांवड़ यात्रा जैसे आयोजनों में ऐसे कुछ साधु–संत शामिल हो जाते हैं, जो आस्था की आड़ में अपराध करते हैं। इस संबंध में गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप ने बताया कि इस अभियान के तहत फर्जी बाबाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में अभी तक 594 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 48 लोगों को इसमें गलत भी पाया गया है। देहरादून में 267 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पौड़ी जिले में भी 8 लोगों का सत्यापन कर 5 के खिलाफ कार्रवाई की गई है। श्री स्वरूप ने बताया कि पूरे परिक्षेत्र में अभी तक 868 लोगों का सत्यापन कर 140 के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

हल्द्वानी नगर निगम

हल्द्वानी नगर निगम सड़कों के किनारे और नदी–नालों में चोरी छिपे कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ निगम कानूनी कार्रवाई करेगा। जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि निगम ने शहर के सभी वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की सुविधा दी है।

हर वार्ड में घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कूड़ा एकत्र करने के लिए वाहन चलाए जा रहे हैं। निगम समय–समय पर जागरूकता अभियान भी चला रहा है। इसके बाद भी कई लोग चोरी–छिपे नहरों, नालों और सड़कों के किनारे कूड़ा फेंक रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन जगहों से ऐसी शिकायतें मिल रही हैं, वहां कूड़ा फेंकने वालों को चिह्नित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कैमरे की पकड़ में आने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भर्ती रैली

देहरादून के जसवंत सिंह ग्राउंड, गढ़ी कैंट में कल से 127 इन्फैंट्री बटालियन– टेरिटोरियल आर्मी ईको गढ़वाल राइफल्स की ओर से भर्ती रैली शुरू हो गई है। 19 जुलाई तक चलने वाली भर्ती रैली में पहले दिन उम्मीदवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देरहादून के जनसंपर्क अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन कुल 160 पूर्व सैनिक दस्तावेज़ सत्यापन के उपस्थित हुए। इनमें से 5 उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग सफलतापूर्वक की गई, जबकि शेष 155 उम्मीदवारों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया।

इस रैली का उद्देश्य योग्य पूर्व सैनिकों की टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती कर राष्ट्रीय रक्षा तैयारियों को और सशक्त बनाना है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत उत्तराखंड से 49 सैनिक, जनरल ड्यूटी और देशभर से 13 ट्रेड्समैन की भर्ती की जा रही है।

भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अनुशासन, शारीरिक क्षमता और परिचालन तत्परता को प्राथमिकता दी जा रही है।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस देहरादून शाखा कार्यालय की ओर से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वर्ण आभूषणों की अनिवार्य हॉलमार्किंग, बीआईएस प्रमाणन प्रक्रिया और उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। बीआईएस देहरादून के निदेशक और प्रमुख सौरभ तिवारी ने हॉलमार्किंग से जुड़े नियमों और बीआईएस प्रमाणन के लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पीलीभीत जिले में एस्सेइंग और हॉलमार्किंग केंद्र की आवश्यकता पर भी बल दिया।